Title: Restoration of old railway bridge constructed on river Ganga Between Phaphamau and Prayag railway stations, U.P.

श्री धर्म राज सिंह पटेल (फूलपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, इलाहाबाद में गंगा नदी पर फाफामऊ और प्रयाग रेलवे स्टेशन के बीच बहुत पुराना रेलवे पुल का निर्माण था। इसके बीचो-बीच रेलवे लाइन बिछी हुई थी और रेल का आवागमन भी था। पुल के ऊपर से सड़क मार्ग था जिस पर बड़ी गाड़ी, छोटी गाड़ी एवं पैदल का आवागमन था, क्योंकि पुल काफी पुराना था इसलिये इसे बंद कर दिया गया, इसलिए सड़क मार्ग एवं रेल मार्ग के लिए नया पुल का निर्माण किया, परंतु नये पुल पर प्रतिदिन गाड़ी गा अत्यधिक दबाव होने के कारण प्रतिदिन घंटो तक यातायात जाम रहता है।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि पुराना पुल भी अभी अत्यधिक मजबूत है, इसे ध्वस्त न करके बल्कि पुराने पुल के अतिरिक्त हिस्से जिस पर रेलवे लाइन बिछी है, को उखाड़ कर उस पर सड़क मार्ग का रास्ता बनवा दिया जाए। जो कि एक तरफा मार्ग को इलाहाबाद शहर से लखनऊ गौरखपुर एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा कानपुर शहर से आने वाली जी.टी रोज, राट्रीय मार्ग नं 2 के रास्ते आने वाली गाड़ी को वाया फाफामाऊ से निकल कर वाराणसी, मुगलसराय रोड के रास्ते में कर दिया जाए जिससे प्रतिदिन होने वाले नये पुल पर जाम से यातायात को छुटकारा मिल जाये।

14.36 hrs.